# रणजीत टाइम्स

इंदौर
शुक्रवार, 13 जून, 2025
वर्ष 01 | अंक 152 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे



अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट टेक-ऑफ के ठीक 2 मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

दो मिनट... इतना ही समय था उस सपने के बीच, जो यात्रियों ने अपनी आंखों में संजो रखा था, और उस हकीकत के बीच जो राख बनकर ज़मीन पर गिर गई।

# अहमदाबाद फ्लाइट क्रैश

## सिर्फ एक हादसा नहीं, टूटते सपनों का मूक चीत्कार








**जब विमान उड़ा, उस वक़्त शायद लंदन में रात थी — वहां के परिवार अभी अपने बिस्तरों पर थे, अनजान इस बात से कि उनका अपनों से यह अंतिम संवाद होगा। यात्रियों ने शायद अभी सीट बेल्ट ही बांधी थी, कुछ सेल्फी ले रहे होंगे, कोई चाय की चुस्की के इंतज़ार में होगा, कोई अपने बच्चों को थामे मुस्कुरा रहा होगा।**

### दो नवजात बच्चे...

मां भारत आई होगी प्रसव के लिए, और अब पति के पास लौट रही होगी। वे बच्चे, जिन्होंने अभी ठीक से आंखें भी नहीं खोली थीं, जिन्हें जीवन की परिभाषा तक नहीं मालूम थी — वे भी इस अग्नि में समा गए। क्या उनके पिता उस पार इंतजार कर रहे होंगे? क्या उन्होंने ये कल्पना भी की होगी कि वे अपने बच्चों को इस रूप में कभी नहीं देख पाएंगे?

### एक लाख लीटर ईंधन... और एक सजीव बम

जब एक छोटा पटाखा भी हाथ जला देता है, तो एक लाख लीटर फ्यूल से भरे विमान की तबाही की कल्पना ही दिल दहला देती है। किसी को समझ नहीं आया होगा कि अगला क्षण उनका अंतिम है।

### और वो ज़मीन... वो इलाका... वो हॉस्टल

जहां यह विमान गिरा — वह डॉक्टरों का हॉस्टल था। युवा डॉक्टर, जो वर्षों की तपस्या के बाद अब सेवा के लिए तत्पर थे। वे आराम कर रहे होंगे, कोई ड्यूटी के लिए निकल रहा होगा — और फिर अचानक, एक आग का गोला उन पर आ गिरा। क्या कभी उन्होंने सोचा था कि अस्पताल में नहीं, बल्कि हॉस्टल में ही उनकी मृत्यु आएगी?

### पटेल परिवार

10 से 15 लोग एक साथ पूरा परिवार, एक ही विमान में। शायद किसी शादी से लौट रहे थे, या लंदन में नए जीवन के लिए जा रहे थे। बच्चों की चोटी बनाई गई होगी, साड़ी की पल्लू संभाली गई होगी, नमकीन के डिब्बे पैक किए गए होंगे — और अब वे सब... एक दर्दनाक याद बन चुके हैं।

### गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी जी

जिन्होंने वर्षों तक जनसेवा की, गुजरात का नाम रोशन किया — वे भी उसी विमान में थे। क्या वह एक राजकीय दौरा था? या एक सामाजिक मिशन? कोई जान न सका, क्योंकि नियति ने उनके शब्दों को अधूरा छोड़ दिया।

अब सवाल यह है — हम कहां सुरक्षित हैं?

क्या मृत्यु अब केवल युद्ध में या बीमारियों में नहीं, बल्कि अपने घर में भी दस्तक दे सकती है? जो लोग कह रहे थे कि "हम बाहर नहीं जाएंगे, सुरक्षित रहेंगे", क्या अब उन्हें भी यह विश्वास रह गया है? क्या यह सब किसी सामूहिक कर्मफल का परिणाम है? या केवल क्रूर संयोग? हम न दोषी ढूंढ़ पा रहे हैं, न जवाब। केवल आंसू हैं, जो एक के बाद एक टपकते जा रहे हैं।

### श्रद्धांजलि... और एक प्रार्थना हम उन सभी निर्दोष आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

जो विमान में थे, जो ज़मीन पर थे, जो केवल अपनी ड्यूटी या विश्राम में लगे थे। हे प्रभु!

जो घायल हैं, उन्हें शीघ्र आरोग्य दें।

जो दिवंगत हो चुके हैं, उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। और हमें यह शक्ति दें कि हम जीवन की इस नश्वरता को समझकर, हर क्षण को प्रेम, कर्तव्य और सच्चाई से भर सकें।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, शुक्रवार 13 जून 2025



# (गुलनाज़ शेख) श्री क्षत्रिय वीर गुर्जर समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा एवं भगवान देवनारायण प्राण प्रतिष्ठा समारोह






**दैनिक रणजीत टाइम्स**

स्थानः गुर्जर मांगलिक भवन, श्याम नगर एक्सटेंशन, इंदौर महा नगर इंदौर महा नगर में श्री क्षत्रिय वीर गुर्जर समाज द्वारा अत्यंत श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ भगवान देवनारायण जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं शोभायात्रा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह ऐतिहासिक आयोजन समाज की आस्था, एकता और संस्कृति का प्रतीक बनकर उभरा।

इस दिव्य आयोजन में भगवान देवनारायण जी की भव्य प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई। तत्पश्चात नगर भ्रमण हेतु एक अलौकिक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं और युवाओं ने पारंपरिक परिधानों में भाग लिया। ढोल-नगाड़ों, और बैंड-बाजों के साथ निकली यह शोभायात्रा सम्पूर्ण इंदौर नगर को गुर्जर संस्कृति की अद्भुत झलक दिखा गई।

इस पावन अवसर पर कैबिनेट मंत्री माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय जी गुर्जर समाज के राष्ट्रीय महामंत्री शिवसेना के मध्य प्रदेश सचिव कांसाना जी मंदिर के अध्यक्ष प्रेम सिंह कार्यकारी धीर सिंह गुर्जर अध्यक्ष सूबेदार सिंह उमा सिंह बदौरीया देवेंद्र सिग कोश अध्यक्ष कमला बई गुजर प्रचार मंत्री मानसहि रामरत गुजर समाज के कार्यकारणी जनक सिंह विशेष रूप से उपस्थित होकर भगवान देवनारायण जी का आशीर्वाद लिया एवं समाज के इस अद्भुत आयोजन की सराहना की।

एवं समाज के कर्मठ अपने ओजस्वी उद्बोधन में समाज की एकजुटता, शिक्षा और संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया।

कार्यक्रम में श्री क्षत्रिय वीर गुर्जर समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों, महिलाओं एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाया।

यह आयोजन न केवल धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे समाज में एक नई ऊर्जा, एकजुटता और आत्मबल का संचार हुआ।

अंत में समाज के समस्त पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों, समाजबंधुओं एवं आयोजन से जुड़े समस्त कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में ऐसे ही एकजुट आयोजनों की प्रेरणा दी।

जय भगवान देवनारायण!
जय श्री क्षत्रिय वीर गुर्जर समाज!

# ग्रामीणों ने किया बिजली ऑफिस पर प्रदर्शन अघोषित बिजली कटौती से परेशान क्षेत्रवासी




**संदीप वाईकर**

**बैतूल। बोरदेही क्षेत्र में पिछले कुछ महीने से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिसके चलते क्षेत्रवासी एवं किसान परेशान हो चुके हैं। विगत कई महीनों से बिजली विभाग द्वारा बोरदेही क्षेत्र में बिना शेड्यूल के बिजली बंद कर दी जाती है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के किसानों तथा आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

बिजली के अभाव में किसानों की फसलों पर सिंचाई नहीं हो पा रही है वर्तमान में खड़ी फसल बर्बाद होने की कगार पर आ चुकी है अघोषित कटौती होने के कारण परेशान क्षेत्र वासियों ने गुरुवार को बिजली विभाग कार्यालय बोरदेही जाकर जमकर प्रदर्शन किया तथा बिजली आपूर्ति सुधारने हेतु ज्ञापन सौंपा। आक्रोशित किसानों ने बिजली विभाग कार्यालय जाकर धरना प्रदर्शन किया तथा बिजली भी आपूर्ति सुधारने हेतु अंतिम चेतावनी दी।ग्रामीणों का कहना है कि यदि बिजली व्यवस्था नहीं सुधरती है तो अब आंदोलन होगा।

## कई महीनों से की जा रही अघोषित बिजली कटौती

ग्राम बोरदेही के संजय सूर्यवंशी, भगवंत सिंह रघुवंशी, देवेन्द्र सिंह पटेल,अनीष साहु आदि का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा बोरदेही क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामों में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिससे क्षेत्रवासी एवं किसान त्रस्त हो चुके हैं। बिजली व्यवस्था सुधारने हेतु अधिकारियों से बार-बार निवेदन किया जा रहा है लेकिन वह हम ग्रामीणों की परेशानी की ओर ध्यान नहीं दे रहे। इसके पूर्व में भी अधिकारियों से इस संबंध में जानना चाहा तो आमला के पास पावर ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते बिजली कटौती होना बताया गया। लेकिन महीनों तक व्यवस्था नहीं सुधारी गई यह विभाग की लापरवाही उजागर करता है।

## ग्रामीण तथा किसानों में पनप रहा आक्रोश

क्षेत्रीय जनपद सदस्य निलेश साहु, जनपद सदस्य सुजीत खंडाग्रे,रोशन भुम्मरकर आदि का कहना है कि क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती के चलते किसने की फसल बर्बाद होने की कगार पर आ चुकी है पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के कारण किसान अपनी वर्तमान की फसलों का सिंचाई कार्य भी समय पर नहीं कर पा रहे। प्रतिदिन के आवश्यक कार्य भी अघोषित बिजली कटौती के कारण अब प्रभावित हो रहे हैं।कई घंटे अघोषित कटौती होने के कारण आम व्यक्ति की दैनिक दिनचर्या के साथ साथ पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो चुकी है। लगातार कटौती होने से पेयजल हेतु पानी की टंकी भी नहीं भर पा रही जिससे पेयजल व्यवस्था पूर्ण रूप से लड़खड़ा चुकी है।

## ज्ञापन सौंपकर बिजली विभाग को दी चेतावनी

अघोषित बिजली कटौती से त्रस्त क्षेत्र वासियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा है कि अतिशीघ्र अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए तथा क्षेत्र वासियों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति होना चाहिए।ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि यदि बिजली व्यवस्था नहीं सुधरेगी तो आगामी कुछ दिनों में क्षेत्रवासी धरना प्रदर्शन एवं बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए विवश हो जाएंगे।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विभाग के कर्मचारी अधिकारी उपभोक्ताओं के फोन भी नहीं उठाते तथा फोन उठाने पर बदतमीजी भी करते हैं। क्षेत्र वासियों की बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग है कि जल्द से जल्द बिजली कटौती बंद करके पर्याप्त बिजली आपूर्ति की जाए।

**इनका कहना है.....**

मेंटनेंस के चलते कुछ समय बिजली बंद रहती है जिस कारण ग्रामीणों को परेशानी हुई होगी। आगामी समय में कटौती न हो ऐसा ध्यान रखा जाएगा।

**संतोष चंदेल (जे.ई.) मप्र मध्य क्षेत्र वि वि कं.बोरदेही**

# ग्राम मगरखेड़ी में तीन दिन से बिजली गुल, ग्रामीण पानी को तरसे जनजीवन अस्त-व्यस्त





## उमस और गर्मी से हो रहे परेशान कुवो सहित हैंडपंप से पानी लाने को मजबूर

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

कसरावद मंगलवार शाम को आए तेज आंधी-तूफान ने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। इसका सबसे अधिक असर ग्राम मगरखेड़ी में देखने को मिल रहा है, जहां बीते तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है। बिजली नहीं होने के चलते गांव की पेयजल व्यवस्था भी बाधित हो गई है और ग्रामीण पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं।बिजली की अनुपस्थिति में गांव की नल-जल योजना ठप्प पड़ी है।पूर्व में टंकी में पानी भरने की कोशिश की गई थी, लेकिन टंकी में रिसाव होने के कारण उसे बंद कर दिया गया और पानी वितरण के लिए सीधे मोटर पंपों पर निर्भरता बनी हुई है। अब जब बिजली ही नहीं है, तो मोटर पंप भी ठप हो चुके हैं, जिससे गांव में पेयजल संकट गहराता जा रहा है।सिर्फ पानी ही नहीं, विद्युत संकट ने ग्रामीणों के दैनिक जीवन को भी कठिन बना दिया है। गांव की आटा चक्की बंद होने से लोगों को दूसरे गांवों — जैसे ठीकरी व खलघाट जाकर आटा पिसवाना पड़ रहा है। इसके साथ ही मोबाइल डिस्चार्ज होने से ग्रामीणों को संचार में भी परेशानी हो रही है और वे अपने फोन चार्ज कराने के लिए दूसरे गांवों का रुख कर रहे हैं।वही आंधी तूफान के साथ पानी गिरने से गर्मी उमस लगातार बनी हुई जिससे बच्चो से लेकर बुजुर्गो तक की हालत खराब हो रही है।गर्मी के इन दिनों में पूरी व्यवस्था लाचार नजर आ रही है।वही अभी तो ग्रामीण कुएं सहित हैंडपंप से पानी लाने को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है, ताकि जनजीवन सामान्य हो सके और पानी व अन्य मूलभूत आवश्यकताओं से राहत मिल सके।वही सबंधित अधिकारी का कहना है की कार्य प्रगति पर है जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था को दुरस्त करवाया जा रहा है।

# मोदी का नेतृत्व भारत को हर क्षेत्र में वैश्विक रूप से पहचान और सम्मान दिला रहा है : चौधरी मुकेश चतुर्वेदी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पर आयोजित प्रोफेशनल मीट आयोजित




शिवपुरी। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा। प्रधानमंत्री ने देश की राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं। मोदी जी का नेतृत्व भारत को हर क्षेत्र में वैश्विक रूप से पहचान और सम्मान दिला रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया का विश्वास जीतने का कार्य किया और राजनीति में नई संस्कृति विकसित की है। वे आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पर आयोजित प्रोफेशनल मीट को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश चतुर्वेदी ने कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अर्थव्यवस्था को गति देने का कार्य किया। वर्ष 2014 से पहले 90 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात करते थे, आज 70 प्रतिशत रक्षा उपकरण देश में बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों में राष्ट्रवाद की भावना जागृत की, सेनाओं को सशक्त किया, इसका परिणाम यह है कि अलगाववादी बातें करने वाले लोग भी आज तिरंगे के नीचे खड़े होकर वंदे मातरम् का गायन करने लगे हैं।

कार्यक्रम संयोजक व पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे ने कहा कि पहले दुनिया के लोग भारत को कमजोर और गरीब देश के रूप में देखते थे। आज विश्व भर के देशों का भारत के प्रति नजरिया बदला और लोग भारत को सम्मानजनक देश के रूप में देखने लगे हैं। प्रधानमंत्री जी ने देश की सेनाओं को खुली छूट दी, सेनाओं को सशक्त किया। देश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ वर्ष 2047 तक देश को विकसित और विश्वगुरू बनाने की दिशा में तेजी से आगे ले जा रहे हैं। मोदी ने देश की जनता में आशा जगाई और उसी का परिणाम है कि भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और आमजन में 2047 तक विकसित भारत बनने की उम्मीद जगी है। जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के कार्यों के साथ देश को हर क्षेत्र में आगे ले जाने का कार्य किया, और दुनिया का विश्वास जीतने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए आप सभी लोगों जैसे प्रोफेशनल्स को अपने कार्यों के साथ देश व समाज के लिए आगे आना होगा, तभी यह संकल्प पूरा होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत अब नया भारत बनकर तेजी से उभरा है। कार्यक्रम में विकसित भारत की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजू बाथम, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विजय शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, संदीप महेश्वरी, पूर्व मंत्री भैयासहाब लोधी, पूर्व विधायक लाखन सिंह बघेल, माखनलाल राठौर, पूर्व राज्य मंत्री सुरेश राठखेडा, विधायक देवेंद्र जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, महामंत्री सोनू बिरथरे, गगन खटीक मौजूद रहे। मंच संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नफीस खान द्वारा किया गया। स्वागत भाषण नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा द्वारा दिया गया।

# पिछोर विधायक पारेश्वर में विकसित कृषि संकल्प अभियान में हुए शामिल



शिवपुरी। पिछोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पारेश्वर में 12 जून को विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी कार्यक्रम में मौजूद रहे! कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रीतम लोधी द्वारा मंच से किसान भाईयों को संबोधित करते हुये केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान कल्याण से संबंधित योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान इस अभियान से जुड़कर विकसित खेती की ओर कदम बढ़ा रहा है। सरकार ने हमारे किसान भाईयों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, कृषि सिंचाई योजना आदि कई तरह की योजनाएं चलाई हैं। सभी किसान इन योजनाओं का लाभ लें! उन्होंने कहा कि सभी कृषक मित्र एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अवश्य लगाऐं, इसके साथ ही विधायक द्वारा ड्रोन कैमरा चलाकर किसानों को दवाई छिड़काव कराकर उसकी जानकारी दी ! इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी तथा किसान मित्र सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बालकों के सर्वांगीण विकास में सहजयोग अत्यंत सहायक है

'सहजयोग' आज के आपाधापी वाले व्यस्त, और असंतुलित वातावरण में एक महायोग के रूप में स्थापित हो रहा है। सहजयोग में हम हमारा स्थूल शरीर जो पंचज्ञानेन्द्रिय और कर्मेंद्रियों से बना है,को किस प्रकार संतुलित व नियंत्रित किया जाए इसकी दिव्य कला सीखते हैं। हम हमारे जीवन मे विविध समस्याओं से घिरे रहते हैं इनके कारण क्या हैं हम नहीं समझ पाते। हमारे सभी प्रश्नों का उत्तर हमें सहजयोग में मिल जाता है। आज के लेख मे हम बात करते हैं, सहजयोग ध्यान विद्या विद्यार्थियों को क्यों सिखाई जाए ? मराठी में कहते हैं, 'मुलं म्हणजे देवाघरची फुल'। हाँ बच्चे भगवान का रूप होते हैं क्योंकि वे तथाकथित षडरिपुओं से ( काम क्रोध, मोह, माया, मत्सर,) से दूर होते हैं, अबोध होते हैं और वर्तमान में जीते हैं, इसलिये उनमें एक आकर्षक चुंबकीय व्यक्तित्व पाया जाता है। लेकिन जैसे ही वे बड़े होने लगते हैं तो सांसारिक भौतिकता उनके अंदर प्रवेश करने लगती है। और जीवन में असंतुलन का प्रारंभ होने लगता है। सहजयोग का अभ्यास यदि बचपन में ही सिखाया जाए तो यह संस्कार उनके बालमन पर अमिट छाप छोड़ देगा। और वे बच्चे जीवन मे आनंदी, संवेदनशील और यशस्वी भावी नागरिक बनेंगे।



जो किशोर व युवा हैं आज के परिप्रेक्ष्य में यदि हम इन पर नजर डालते हैं तो पाते हैं कि कोरोना काल के बाद बच्चों की रूचि टीवी, मोबाइल आदि में बढ़ गई है तथा, पढ़ाई मे थोडे पिछड़ गये हैं। उन्हे संभालना और उन्हे अच्छे संस्कार देना अध्यापक व अभिभावक दोनों के लिए एक एक चुनौती है। सहजयोग ध्यान द्वारा छात्रों की अनेक समस्यायों का समाधान संभव है व अनेक प्रतिष्ठानों द्वारा इसे अपनाया भी जा रहा है। सहजयोग ध्यान न केवल अपने चित्त को शांत और एकाग्र करता है, अपितु ध्यान हमें विवेक, सृजनशीलता, अबोधिता, धीरज, समाधान, आत्मविश्वास, निडरता, वाणीमाधुर्य, व्यवहारिक चतुरता, क्षमाशीलता, प्रेमपूर्ण सहृदयता आदि अनेक गुणों से अलंकृत करता है। हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो तथा वे जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सफल हों सहजयोग में कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात् यह सहज ही हो जाता है। सहजयोग पूर्णतः निशुल्क है। इसके अनुभव का एक अवसर स्वयं को तथा अपने बच्चों को अवश्य प्रदान करें।

सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 बेवसाइट - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल – लर्निंग सहजयोगा

## खेल परिसर विवाद सुलझा दूसरे दिन राजीनामा, एलिवेट एकेडमी के 40 एथलीट शहर छोड़ेंगे



शिवपुरी। माधवराव सिंधिया खेल परिसर में बुधवार को हुए एथलीटों और कोचों के बीच विवाद का मामला गुरुवार को राजीनामे पर खत्म हो गया। दोनों पक्षों की सहमति से सुलह के बाद अब भोपाल की एलिवेट एकेडमी के 40 एथलीट शिवपुरी छोड़ने की तैयारी में हैं। गुरुवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कोच पवन शर्मा आरोपी एथलीटों और कोच की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। वहीं दूसरी ओर एलिवेट एकेडमी के कोच दिनेश गोदारा भी कुछ एथलीटों के साथ एसपी ऑफिस पहुंचे। यहां पुलिस और सामाजिकजनों की मध्यस्थता से दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया।

### एलिवेट कोच बोले- मंशा विवाद की नहीं थी

राजीनामे के बाद कोच दिनेश गोदारा ने कहा, "बुधवार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी। हमारी मंशा किसी से विवाद करने की नहीं थी।" उन्होंने बताया कि अब वे और उनकी एकेडमी के करीब 40 एथलीट शिवपुरी छोड़ देंगे। हालांकि आगे वे किस जिले में प्रैक्टिस करेंगे, इसका फैसला अभी नहीं हुआ है।

### क्या था मामला

बुधवार सुबह खेल परिसर में भोपाल की एलिवेट एकेडमी और स्थानीय कोच पवन शर्मा के एथलीटों के बीच झगड़ा हुआ था। आरोप था कि एलिवेट के कुछ एथलीट महिला खिलाड़ियों के सामने अनुचित व्यवहार और रील बनाने जैसी गतिविधियों में शामिल थे। टोकने पर मारपीट हुई और चार एथलीटों पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

## इंदौर में राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप तिवारी का आगमन




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर, मध्यप्रदेश।

**नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप तिवारी आज इंदौर रणजीत टाइम्स के प्रदेश कार्यालय में पधारे।**

इस अवसर पर रणजीत टाइम्स के प्रधान संपादक गोपाल गावंडे को जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश के इंदौर जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई। इसके बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप तिवारी ने NUJ की कार्यशैली के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि संगठन भारत के 28 राज्यों में काम कर रहा है और पत्रकारों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

प्रदीप तिवारी ने बताया कि NUJ इंडिया ने प्रेस प्रोटेक्शन पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार बीमा योजना जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम किया है और देश भर में राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित कर पत्रकारों के हित में कई काम कराए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि NUJ इंडीया इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स ब्रुसेल्स बेल्जियम से सम्बद्ध है और जल्द ही इंदौर में राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होगा, जिसमें देश भर के 28 राज्यों के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार, संपादक और कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी।

### यह राष्ट्रीय अधिवेशन भारत के राष्ट्रीयपति या उपराष्ट्रपति के आतिथ्य में आयोजित होगा

देश से कई बड़ी हस्तियां इसमें शामिल होंगी। मीटिंग जम्प इंदौर संभागीय संयोजक उत्सव सोनी और राजेश धाकड़ की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

# इंदौर में राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप तिवारी का आगमन














## साइबर फ्रॉड में गंवाए 1 लाख रुपए वापस करवाए:शिवपुरी साइबर सेल ने की कार्रवाई



शिवपुरी। साइबर सेल ने एक फ्रॉड मामले में पीड़ित को उसके गंवाए हुए पैसे वापस दिलाए हैं। डोंगरपुर, नरवर निवासी चंदन सिंह रावत के खाते से एक व्यक्ति ने धोखे से 1 लाख रुपए निकाल लिए थे। जानकारी के अनुसार, 19 मई 2025 को चंदन सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह जाट और उनकी टीम ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक से संपर्क कर खाते की जानकारी प्राप्त की। बैंक के सहयोग से पूरी राशि फरियादी को वापस करा दी गई। साइबर सेल ने लोगों को सुरक्षा के लिए कुछ जरूरी सलाह दी हैं। माय आधार ऐप के जरिए बायोमेट्रिक लॉक करें। फर्जी लोन एप्लिकेशन से दूर रहें। फोन कॉल, मैसेज या ईमेल में निजी जानकारी न दें। अनजान लिंक और वेबसाइट से बचें। ओटीपी किसी से साझा न करें। साइबर फ्रॉड की शिकायत के लिए शिवपुरी साइबर क्राइम हेल्पलाइन 704912706 या राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

## बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के पूर्व पति और बिजनेसमैन संजय कपूर का निधन

यह दुखद घटना इंग्लैंड के गाड्र्स पोलो क्लब में घटी, जहां वे पोलो खेल रहे थे. खेल के दौरान संजय अचानक मैदान पर गिर पड़े. उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें नही बचा पाए. संजय कपूर एक जाने-माने उद्योगपति थे और उन्हें पोलो खेल का बहुत शौक था.



# खाचरोद तहसील के श्री संकट मोचन हनुमानजी का 30वां अन्नकूट महोत्सव:

**दैनिक रणजीत टाइम्स**





खाचरोद । खाचरोद स्थित तहसील परिसर में वर्ष 1969 में विराजमान श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में गुरुवार को 30वां अन्नकूट महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित यह विशाल आयोजन खाचरोद और आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों धर्मप्रेमी बंधुओं के लिए आस्था का केंद्र बना। महोत्सव का आरंभ सायं 4 बजे हुआ, जब पंडित वासुदेव शर्मा के सान्निध्य में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ मिलकर भगवान संकट मोचन हनुमान जी की भव्य और मनमोहक आरती की। जयकारों और भजनों की गूंज से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।

आरती के उपरांत, ठीक सायं 5 बजे से महाप्रसादी का वितरण आरंभ हुआ। अन्नकूट महोत्सव की परंपरा को निभाते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से सजी इस महाप्रसादी का लाभ हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं, जो इस आयोजन की भव्यता और लोकप्रियता को दर्शाती हैं। अन्नकूट महोत्सव समिति के विजय जैन ने इस भव्य और सफल आयोजन के लिए सभी स्वयंसेवकों, जिन्होंने अथक परिश्रम किया, और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन खाचरोद की धार्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जहाँ सभी धर्मों और समुदायों के लोग एक साथ आकर भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यह महोत्सव खाचरोद में धार्मिक सद्भाव और सामुदायिक एकता का अनुपम उदाहरण बन चुका है। हर साल, बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त करने और महाप्रसादी ग्रहण करने के लिए एकजुट होते हैं। इस वर्ष के महोत्सव ने भी अपनी पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का एक अद्भुत वातावरण निर्मित किया। भक्तों का उत्साह और आयोजन समिति का समर्पण इस महोत्सव को खाचरोद के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में से एक बनाता है। सुसज्जित विद्युत की व्यवस्था नंदू राठौड़ ने संभाली।

# जल गंगा संवर्धन अभियान

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया गया





**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । गत दिवस केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी श्री अभिषेक चौहान और श्री राकेश सिंह के द्वारा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया । नोडल अधिकारियों के द्वारा जलपद पंचायत महिदपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे डगवेल रिचार्ज, कूप रिचार्ज, हेंडपंप रिचार्ज, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर, खेत तालाब, बावड़ी जिर्णोध्दार के कार्यों का निरीक्षण किया गया तथा जिले में चल रहे कार्यों की प्रशंसा की गई।

# राष्ट्रीय महीला आयोग की सदस्य डॉ. मजूमदार के द्वारा जिला चिकीत्सालय का निरीक्षण किया गया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



उज्जैन । दिनांक 12.06.2025 को राष्ट्रीय महिला आयोग, दिल्ली की सदस्य डॉ. अर्चना मजूमदार एवं सदस्यों द्वारा जिला चिकित्सालय, (चरक भवन) उज्जैन की निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अशोक पटेल, सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार दिवाकर, आरएमओ डॉ. चिन्मय चिंचौलिकर, डॉ. निधी जैन तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। डॉ. अर्चना मजूमदार एवं सदस्यों द्वारा चिकित्सालय की मेटरनिटी विंग, एसएनसीयू, आपरेशन थियेटर, एमएलसीयू आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं लेबर रूम व गायनिक ओ.टी. के इंफ्रास्ट्रक्चर व मेंटनेंस को लेकर संतुष्टि जाहिर की गई। इसके अतिरिक्त चिकित्सालय की समस्त प्रकार की वार्षिक रिपोर्टिंग ओपीडी, आईपीडी, मेटरनिटी व एसएनसीयू आदि तथा मानव संसाधन की जानकारी ली गई।

# पढ़ाई के लिए प्रयागराज रह रहे छात्र की बाइक अज्ञात बदमाश चुरा लेगए

## पुलिस महानिरीक्षक को आवेदन सौंपकर वाहन का पता लगाने की मांग

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर से पढ़ाई के लिए उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में रह रहे एक छात्र अयन भटनागर की बाइक चोरी हो गई जिसे लेकर उन्होंने प्रयागराज के उप पुलिस अघीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपते हुए वाहन का पता लगाकर सुपुर्द किए जाने का अनुरोध किया है यह छात्र अयन भटनागर मूल रूप से शाजापुर मध्यप्रदेश का निवासी है जो कि इन दिनों प्रयागराज के गंगोत्री नगर में नैनी एग्रीकल्चर इंस्टीस्ट्यूट में पढाई कर रहा है। छात्र का कहना है कि वह गंगोत्री नगर में रविकांत तिवारी के निवास स्थान पर 2022 से किराये पर रहते हुए उक्त संस्थान में अध्ययन कर रहा है। विगत दिनों जब वह अपने गृहनगर शाजापुर गया हुआ लेकिन वापस आया तो उसकी बाइक टीवीएस राइडर रजिस्ट्रेशन नम्बर एमपी 42 झेड ए 8539 अज्ञान बदमाश चुरा लेगए। छात्र का कहना है कि उसने अपनी बाइक उसी बिल्डिंग के बाहर उसी स्थान पर पार्क की थी जहां कि अन्य किरायेदारों के वाहन भी पार्क किए जाते हैं। लेकिन जब वह 10-15 दिनों बाद शाजापुर से वापस वापस आया तो देखा कि कि उसकी बाइक नदारद है। इस पर छात्र ने उप पुलिस महानिरीक्षक को आवेदन सौंपकर वाहन का तत्काल पता लगाए जाकर उसे सौंपने का अनुरोध किया है। छात्र का कहना है कि यह बाइक उनके पिता ने दो वर्ष पूर्व बड़ी मेहनत से उसे दिलाई थी ताकि वह पढ़ाई के लिए कॉलेज आ जासके। आवेदन में मांग की है कि तत्काल वाहन का पता लगाया जाए।



दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या
अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क
प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

## गुजरात के डीसा में देवी अहिल्या बाई होलकर विद्यालय के प्रणेता विधायक प्रविणभाई माली मुंबई में स्टार रिपोर्ट मेगेज़िन के प्रधान संपादक हार्दिक हुंडीया के हाथों हुवे सम्मानित

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

मुंबई । स्टार रिपोर्ट के प्रधान संपादक हार्दिक हुंडीया ने कहा कि प्रांतवाद के नाम पर भेदभाव करने वालों एक बार बनास कांठा के डीसा शहर की मुलाकात लिजीए जहां पर संध के महाराष्ट्रीयन महानुभाव श्री काले जी ने आदर्श गुजराती शाला बनाई। और अब गुजरात राज्य में पहली प्राथमिक शाला महाराष्ट्र की बेटी और मध्यप्रदेश के होलकर राजवंश की महारानी देवी अहिल्या बाई होलकर के नाम पर से एक गुजराती विधायक प्रविणभाई माली के प्रयत्न, प्रत्सावना और प्रेरणा से देवी अहिल्या बाई होलकर विद्यालय बनने जा रहा है।

धर्म और संस्कृति का हमेंशा सम्मान करना यह भावना के प्रहरी स्टार रिपोर्ट मेगेज़िन के प्रधान संपादक हार्दिक हुंडीया ने मुंबई के ट्रांइडेन्ट होटल में डीसा के विधायक प्रविणभाई माली से भेंट कि और डीसा में उनके प्रस्ताव से आकार ले रही देवी अहिल्या बाई होलकर विद्यालय के प्रारंभ होने पर उनका उपवस्त्र, सुवर्ण पुष्प, मोदी राज में हार्दिक बुक, स्टार रिपोर्ट मेगेझीन देकर सम्मानित किया।

विधायक प्रविणभाई माली युवा प्रतिभाशाली राजनेता हैं। संस्कृति और साहित्य प्रेमी हैं। नई पीढ़ी को नई दिशा देने में वे मानते हैं।

विधायक प्रविणभाई माली ने बनासकांठा के डीसा शहर में देवी अहिल्या बाई होलकर विद्यालय के स्थापना के बारे में हार्दिक हुंडीया से बात करते हुए कहा कि देवी अहिल्या बाई होलकर के नाम पर यह गुजरात की प्रथम प्राथमिक शाला बनेगी।



## पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम झाबुआ पर क्राइम मीटिंग आयोजित की गई

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

झाबुआ, 1 पुलिस अधीक्षक झाबुआ श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा कंट्रोल रूम झाबुआ में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के समस्त पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी), थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों की उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के त्वरित निराकरण, तथा पुलिस कार्यप्रणाली में और अधिक दक्षता लाना रहा।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने जिले में लंबित समंस/वारंटों की शीघ्र तामीली, cm हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों, एनसीआरपी पोर्टल एवं सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने अपहृत बालक/बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी, दस्तयाबी एवं संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश दिए।

जिले में लंबित अपराधों, शिकायतों एवं विभिन्न पोर्टल्स पर दर्ज मामलों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अनसुलझे और लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, जिससे पेंडेंसी को शीघ्र कम किया जा सके। महिला संबंधी अपराधों के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हुए उन्होंने इन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये और कहा कि संबंधित मामलों की जांच गंभीरता से की जाए।




अपराधियों की निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने हेतु, थाना क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों व बदमाशों पर लगातार नजर रखने और उनकी किसी भी संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर उनके विरुद्ध विधिसम्मत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, जिले में मादक पदार्थों की बिक्री एवं सेवन, अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त, जुआ-सट्टा जैसे असामाजिक कृत्यों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही करने हेतु भी स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रेमलाल कुर्वे, एसडीओपी झाबुआ श्रीमती रूपरेखा यादव, एसडीओपी पेटलावद श्री कमलेश शर्मा, एसडीओपी थांदला श्री नीरज नामदेव, उप पुलिस अधीक्षक श्री गिरीश कुमार जेजुरकर सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों की उपस्थिति रही।